प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

डीजीएमओ ब्रीफिंग

भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों यानी डीजीएमओ के बीच आज दोपहर 12 बजे बातचीत होगी ताकि दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम को लंबे समय तक बनाए रखने के तौर–तरीकों पर चर्चा की जा सके। इससे पहले, सैन्य संचालन महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कल नई दिल्ली में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर हुए हमले में सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं।

हवाई संचालन महानिदेशक एयर मार्शल ए. के. भारती ने कहा कि दुश्मन के विमानों को भारतीय सीमा में प्रवेश करने से रोका गया और कुछ विमानों को निश्चित रूप से मार गिराया गया। एयरमार्शल भारती ने यह भी कहा कि वायु सेना ने अपने उद्देश्य हासिल कर लिए हैं और सभी पायलट सुरक्षित हैं।

नौसेना संचालन महानिदेशक वाइस एडमिरल ए एन प्रमोद ने कहा कि नौसेना उत्तरी अरब सागर में निर्णायक स्थिति में है और समुद्र व जमीन पर कराची सहित चुनिंदा लक्ष्यों पर हमला करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना की तैनाती के कारण पाकिस्तानी नौसेना और वायुसेना की इकाइयां रक्षात्मक मुद्रा में रहने के लिए मजबूर हैं।

एच.आर.टी.सी.

भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव और सीमावर्ती क्षेत्रों में वर्तमान हालातों को देखते हुए हिमाचल पथ परिवहन निगम के जम्मू, कटरा और पठानकोट जैसे रूटों पर रात्रि बस सेवाएं फिलहाल बंद रहेंगी। रात्रि बसों के संचालन को लेकर लगातार समीक्षा की जा रही है और यात्रियों की सुरक्षा को प्रमुखता दी जा रही है। विस्तृत ब्योंरे के साथ समाचार कक्ष से हमारे सहयोगी...........

*हिमाचल पथ परिवहन निगम की माने तो अमृतसर, कटड़ा, जम्मू और पठानकोट रूटों की लगातार समीक्षा की जा रही है। इसके अतिरिक्त पंजाब के अन्य क्षेत्रों के लिए दिल्ली, चंडीगढ़ और धार्मिक स्थलों के लिए बसों के रूट समायोजित किए गए हैं। एच.आर.टी.सी के प्रबंध निदेशक निपुण जिंदल ने बताया कि जैसे ही हालात सामान्य होते हैं तो समीक्षा कर जम्मू, कटड़ा, पठानकोट और अमृतसर के लिए रात्रि बस सेवाओं के संबंध में उचित निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अमृतसर और पठानकोट के लिए दिन में सवारियों को देखते हुए बसें भेजी जा रही है। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए जसूर से पठानकोट के लिए निगम ने शटल बस सेवा शुरू की है। इसके अलावा हर रोज मंडलीय प्रबंधकों से भी रिपोर्ट मांगी जा रही है। निगम ने आम जनमानस से अपील की है कि वे रात के बजाए दिन में ही सफर करें आकाशवाणी समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं हेमंत शर्मा.......*

......

बुद्ध पूर्णिमा

आज बुद्ध पूर्णिमा है। गौतम बुद्ध का जन्म और परिनिर्वाण आज ही के दिन हुआ था। उन्हें बोधगया में महाबोधि वृक्ष के नीचे निर्वाण की प्राप्ति हुई थी।

राष्ट्रपति और उप–राष्ट्रपति ने बुद्ध पूर्णिमा पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भगवान बुद्ध करुणा के अवतार थे और अहिंसा, प्रेम व दयालुता का उनका संदेश मानव जाति के कल्याण का मूल आधार है। उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भगवान बुद्ध का मध्य मार्ग का संदेश आज की दुनिया में व्यक्ति और मानवता– दोनों के लिए पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज छोटा शिमला स्थित तिब्बतियन स्कूल में किन्नौर–लाहौल–स्पीति बुद्ध सेवा संघ व भारत–तिब्बत मैत्री सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे।

......

मनाली एक्सपो

प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कुल्लू ज़िला के देवलोक में पहली बार आयोजित 3 दिवसीय मनाली एक्सपो कल शाम सम्पन्न हो गया। केंद्र के पर्यटन मंत्रालय व राज्य सरकार और सी. एस.सी के सहयोग से आयोजित इस एक्सपो कार्यक्रम में देश के 35 बड़े ब्रॉंड भी शामिल हुए। इस मौके पर उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना है जिससे प्रदेश के अलावा मनाली के पर्यटन कारोबार को लाभ पहुंचेगा।

*ये एक अच्छा इनिशियेटिव है जहां सभी कोलेबोरेटरस को जो कि पहले इंडस्ट्री के साथ या हॉस्पेटिलिटी इंडस्ट्री के साथ जुड़ते हैं उनकों यहां इक्ट्ठे एक प्लेटफॉर्म पर लाया गया है। फोकस ऑन ग्रीन एनर्जी और सस्टेनेबल मॉडल रहा है। बहुत सारे हमने सोलर पेनलस देखे, बहुत सारे ट्रेडिशनल प्रोडक्टस के आर्टिफैक्स के स्टॉल भी हमने देखे तो क्लीयरली एक अच्छा बेलेंस लिया गया है। मार्डन फैसीलिटी प्रोवाइड करने के साथ–साथ ट्रेडिशनल चीजों पर महत्व देने के लिए।*

......

सुर्खियां समाचार पत्रों से......

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–शाहपुर के बलिदानी पवन को पिता और पत्नी का सैल्यूट, हजारों लोगों ने नम आंखों से दी बिदाई। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–सूबेदार मेजर पवन कुमार पंचतत्व में विलीन।

पठानकोट, अमृतसर और जम्मू के नाईट रूट अभी बंद रहेंगे, कश्मीर से लौटे प्रदेश के छात्र दैनिक भास्कर की एक खबर है।

दैनिक जागरण बकौल मुख्यमंत्री लिखता है– इसी वर्ष होगी शुरू ड्रोन टैक्सी सेवा। जबकि आपका फैसला का शीर्षक है—नए अधिसूचित शहरी क्षेत्रों को पानी, शुल्क व सम्पति कर में प्रदान की छूट।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है– छुट्टी के दिन 25 एच.ए.एस अफसर तबदील।

पंजाब केसरी की सुर्खी है—छात्रवृति घोटाला—हिमचल, पंजाब व हरियाणा में सी.बी.आई की दबिश।